गोण्डा

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज गोण्डा

"आजादी का अमृत महोत्सव"

महोदय/महोदया,

"आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा विवेकानन्द जयन्ती से सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती (12–23 जनवरी, 2023) तक शास्त्री समारोह का आयोजन कर रहा है। इसमें निम्नलिखित अन्तरमहाविद्यालयी प्रतियोगिताऐं आयोजित होंगी–

1. वाद–विवाद प्रतियोगिता
   विषय– सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादन व उपयोग पर प्रतिबन्ध होना चाहिए
   दिनांकः 13.01.2023 समय–पूर्वाह्न 11:00 बजे
2. भाषण प्रतियोगिता
   विषय– G-20 में भारत की अध्यक्षीय भूमिका
   दिनांकः 16.01.2023 समय–पूर्वाह्न 11:00 बजे
3. प्रश्नोत्तरी (क्विज)
   विषय– भारत का स्वाधीनता संग्राम (1857 से 1947)
   दिनांकः 17.01.2023 समय–पूर्वाह्न 11:00 बजे

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त प्रत्येक प्रतियोगिता हेतु अपने महाविद्यालय के दो श्रेष्ठतम प्रतिभागियों की प्रविष्टि दिनांक 09.01.2023 तक श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा के भूगोल विभाग में/ई0–मेल. आई.डी. principal@lbsdc.org.in/व्हाट्सप नं0 9794807723 पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें। प्रथम तीन उत्कृष्ट प्रतिभागियों को दिनांक 23.01.2023 को होने वाले समापन समारोह में पुरस्कृत किया जायेगा एवं सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता का प्रमाण पत्र दिया जायेगा।

प्रो0 रवीन्द्र कुमार प्राचार्य	प्रो0 अतुल कुमार सिंह समारोह अधिकारी	डॉ0 रंजन शर्मा आयोजक सचिव

अन्तरमहाविद्यालयी प्रतियोगिता हेतु नियमावली

1. इस प्रतियोगिता में गोण्डा जनपद के महाविद्यालय के स्नातक, परास्नातक के नियमित छात्र/छात्राएं एवं शोध छात्र प्रतिभाग कर सकते हैं।
2. एक महाविद्यालय से एक प्रतियोगिता में अनिवार्य रुप से 2 छात्र/छात्राओं को प्रतिभाग करना है।
3. प्रतिभाग के समय छात्र/छात्राओं को अपना परिचय–पत्र, एवं प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय से प्रतिभाग करने से सम्बन्धित अपने साथ पत्र लाना आवश्यक होगा।
4. प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल का निर्णय अन्तिम होगा।
5. प्रतियोगिता श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा के मुख्य परिसर में सम्पन्न होगी, जिसमें प्रतिभागी को समय से एक घण्टा पूर्व उपस्थित होना होगा।
6. प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी तर्कपूर्ण, मर्यादित भाषा में प्रस्तुति देंगे, जिससे किसी वर्गविशेष अथवा क्षेत्रविशेष की भावना आहत न हो सके। ऐसा होने पर प्रतिभागी को अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा।
7. प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु किसी भी प्रतिभागी को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

प्राचार्य | समारोह अधिकारी | आयोजक सचिव